**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 18.10.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **मिशन शक्ति 5.0 अभियान के क्रम अपर पुलिस अधीक्षक बांदा की अध्यक्षता में राजकीय हाई स्कूल रेहुटा पैलानी में जागरुकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन । बालिकाओं को शासन द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा एवं सशक्तीकरण से संबंधित योजनाओं के बारे में दी गई जानकारी ।**

**विवरण-** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु संचालित मिशन शक्ति 5.0 अभियान के क्रम आज दिनांक 18.10.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज द्वारा क्षेत्राधिकारी सदर श्री राजबीर सिंह गौर व थाना पैलानी की मिशन शक्ति टीम के साथ राजकीय हाई स्कूल, रेहुटा में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को महिला सुरक्षा, अधिकारों और शासन द्वारा संचालित महिला सशक्तिकरण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की जानकारी देना था। कार्यक्रम में छात्राओं को सरकार द्वारा जारी महिला सुरक्षा से जुड़ी महत्त्वपूर्ण हेल्पलाइन सेवाओं जैसे **1090 (वीमेन पावर लाइन), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 112 (आपातकालीन सेवा), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन)** सहित अन्य सहायता नंबरों की जानकारी दी गई । साथ ही यह भी बताया गया कि इन सेवाओं का प्रयोग किसी भी आपात स्थिति में कैसे करना चाहिए । इसके अतिरिक्त मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत चल रही प्रमुख योजनाओं जैसे महिला हेल्प डेस्क की स्थापना, पिंक पेट्रोलिंग, साइबर क्राइम से सुरक्षा, महिला बीट अधिकारियों की भूमिका, तथा पुलिस की तत्परता से संबंधित जानकारी भी साझा की गई । अपर पुलिस अधीक्षक ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में छात्राओं को आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहने की प्रेरणा देते हुए कहा कि आज की बेटी हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है और मिशन शक्ति का उद्देश्य उन्हें वह हर आवश्यक समर्थन व सुरक्षा देना, जिससे वे निर्भीक होकर अपने सपनों को साकार कर सकें । उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि या उत्पीड़न की सूचना तत्काल पुलिस को दें । पुलिस हमेशा उनकी सहायता के लिए तत्पर है । कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं के लिए आत्मरक्षा के कुछ आवश्यक गुरों का व्यवहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया, जिससे छात्राओं ने काफी उत्साहपूर्वक सीखा और अपनी सुरक्षा को लेकर आत्मविश्वास दिखाया । कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों और छात्राओं के मध्य संवाद सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें बालिकाओं ने खुलकर अपने प्रश्न रखे और अधिकारियों ने उनका सरल व स्पष्ट उत्तर देकर उन्हें जागरूक किया । यह सत्र छात्राओं के लिए अत्यंत लाभकारी एवं प्रेरणादायक रहा ।